www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-197 सागवाड़ा, शुक्रवार, 25 मार्च, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## अशोक भाविप भीलूड़ा के अध्यक्ष बने



**सागवाड़ा।** भारत विकास परिषद शाखा भीलूड़ा की बैठक वाचनालय गणपति मंदिर में प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी तुलजाशंकर भट्ट व प्रांतीय ग्राम विकास योजना प्रभारी लोकेश भट्ट के आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक में सत्र 2022-23 के चुनाव सपन्न कराये गये। अध्यक्ष पद के लिए सर्व सहमति से अशोक टुकावत, सचिव पद पर शैलेन्द्र जैन, कोषाध्यक्ष के पद पर मांगीलाल भट्ट को यथावत मनोनीत किया गया है।बैठक में चैत्र प्रतिपदा 2 अप्रेल 2022 को नववर्ष मनाने का निर्णय लिया गया तथा विद्यानिकेतन के भैया बहनों व आचार्यगणों के नेतृत्व में प्रभात फेरी कस्बे के बैंक चौराह, गणपति चौक,भटवाड़ा ,सदर बाजार रगुनाथ मंदिर होते हुए विद्यानिकेतन सभागार में सभा का आयोजन किया जाएगा एक दूसरे को नववर्ष की बधाई तथा प्रसाद वितरण भामाशाह कीओर से किया जाएगा। बैठक में मानशंकर भट्ट, दिनेश सोमपुरा,राजेश भट्ट, दिनेश व्यास आदि परिषद के सदस्य महानुभाव उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुनील भट्ट ने किया। आभार सुभाष जैन ने प्रकट किया।

## आंचल प्रसूता का शिविर आयोजित






**सागवाड़ा।** आयुर्वेद औषधालय जोसावा में आंचल प्रसूता केन्द्र द्वारा आंचल प्रसूता का शिविर आयोजन किया गया। जिसमें गर्भवती माता, प्रसूता माता और शिशु की जांच उपचार व पथ्य आहार का वितरण किया गया । इस शिविर में आंचल प्रसूता केंद्र राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय खड़गदा के प्रभारी डॉ विनोद कुमार पुरोहित, डॉ भूमिका डामोर, कंपाउंडर नानजी रोत, परिचारक राम प्रसाद ने सेवाएं देकर शिविर में गर्भवती माता, प्रसूता माता एवं शिशु को लाभान्वित किया गया । शिविर में जोसावा के ग्रामवासी बहुत प्रभावित हुए और दोबारा ऐसे शिविर का आयोजन करने हेतु निवेदन किया । गर्भवती माता 90, प्रसूता माता 71, शिशु 76 लाभान्वितों को सेवाएं प्रदान की गई । जिला आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सालय केंद्र डूंगरपुर की तरफ से राजकीय आयुर्वेद औषधालय में मैंताली में पंचकर्म चिकित्सा केंद्र शिविर का आयोजन किया गया

## एसपी ने बच्चों को पढ़ाया कानून का पाठ



**सीमलवाड़ा।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत अब स्कूलों में बच्चों को कानूनी पाठ पढ़ाया जा रहा है। बेटियों को पढ़ाई के साथ ही खुद की सुरक्षा के लिए जागरूक रहने का संदेश दिया जा रहा है।

इसके लिए पुलिस के अधिकारी से लेकर जवान स्कूलों में जाकर बच्चों को जागरूक कर रहे हैं। कुआं थाना के सेंडोला, दरियाटी, चिखली समेत कई स्कूलों में शुक्रवार को बाल संरक्षण के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित किए गए। SP सुधीर जोशी ने बेटियों की सुरक्षा को लेकर कहा की कन्या भ्रूण हत्या हो या फिर उनके साथ किसी तरह की अनहोनी की घटनाओं को रोकने पुलिस हमेशा तैयार है। उन्होंने कहा कि बेटियों के साथ अगर कोई गलत होता है वे डरे नहीं बल्कि उनका डटकर मुकाबला करें। बेटियां हौसला और हिम्मत रखें, जिससे बदमाश भाग जाएंगे। उन्होंने कहा की बेटियां अपनी किसी भी तरह की समस्या को पुलिस को बेझिझक बता सकती हैं। इससे बदमाशों को पकड़कर सजा दिलाई जा सकती है।

एसपी ने कहा की आदिवासी इलाके में अधिकतर बच्चे बालश्रम करते हुए दिखाई देते हैं। बालश्रम एक कानूनी अपराध है, जिसके खिलाफ कार्रवाई के प्रावधान है। लोग बच्चों से मजदूरी नहीं करवाए। बच्चों को स्कूल भेजें और उनकी पढ़ाई पूरी करवाएं, जिससे बच्चे अच्छी शिक्षा हासिल कर सकें। एसपी ने बच्चों के साथ ही मौजूद लोगों से जिले में अपराधों को रोकने पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

## राजस्थान में खुलेंगे 179 नए इंग्लिश मीडियम स्कूल

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने प्रदेश में 179 महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने का आदेश जारी कर दिया है। जिसके तहत प्रदेश के जयपुर, बीकानेर, राजसमंद, झुंझुनू, पाली, झालावाड़, सीकर, जोधपुर, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, चूरु, डूंगरपुर, करौली और बूंदी में नए शैक्षणिक सत्र से इंग्लिश मीडियम स्कूल की शुरुआत की जाएगी जिनमें जरूरतमंद तबके के विद्यार्थियों को सुलभ शिक्षा मिल पाएगी। शिक्षा विभाग द्वारा 179 स्कूलों की शुरुआत शैक्षणिक सत्र 2022-23 से कर दी जाएगी। जिसके लिए जल्द ही एडमिशन की प्रक्रिया शुरू होगी। शिक्षा विभाग द्वारा राजस्थान में फिलहाल 570 महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। ऐसे में नए शैक्षणिक सत्र में 179 स्कूल शुरू होने के साथ ही राजस्थान में सत्र 2022-23 से कुल 749 स्कूलों का संचालन किया जाएगा। जिनमें बच्चे प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर ही इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई कर सकेंगे। इसके साथ ही राजस्थान के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में अब पूर्व प्राथमिक (प्री-प्राइमरी) कक्षाओं का संचालन किया जाएगा।

## पादरडी स्कूल में पोषाहार की हुई चोरी, 8 क्विंटल गेंहू, 4 क्विंटल चावल हुआ चोरी

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के पादरडी स्कूल को चोरो ने अपना निशाना बनाया। चोरी स्कूल की जाली तोडकर 8 क्विंटल गेंहू और 4 क्विंटल चावल चुराकर ले गए। सुबह जब स्टाफ पहुंचा तो घटना का पता चला। बिछीवाडा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा थाने के थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की पादरडी स्कूल की ओर से चोरी की रिपोर्ट दी गई है। रिपोर्ट में बिछीवाड़ा ब्लॉक के अपर प्राइमरी स्कूल पादरडी के शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष वीणा ने बताया की गुरुवार शाम को स्कूल की छुट्टी होने पर ताले लगाकर घर गए थे। शुक्रवार सुबह स्कूल का स्टाफ आया तो कमरे का ताला खोला। कमरे में सामान बिखरा हुआ पड़ा था। पीछे के तरफ की जाली भी टूटी हुई थी और पोषाहार का अनाज गायब था। घटना की सूचना पर बिछीवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्कूल का मौका मुआयना किया। जाली टूटी हुई मिली। इसी जगह से चोर स्कूल के कमरे में घूसे और पोषाहार का अनाज चोरी कर ले गए। स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष वीणा ने बताया की स्कूल से 8 क्विंटल गेंहू (16 बैग) ओर 4 क्विंटल चावल (8 बैग) चोरी हो गए है। स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष वीणा ने बताया की स्कूल में पहले भी कई बार पोषाहार के सामान की चोरी हुई है। जिसकी चोरी की पहले रिपोर्ट बिछीवाड़ा थाने पर दी गई थी लेकिन आज तक उन चोरियों का पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। वही आज फिर पादरडी स्कूल में हुई चोरी की रिपोर्ट पुलिस को दी गई। अध्यक्ष ने पुलिस से चोरों का पता लगाकर जल्द गिरफ्तार करने की मांग रखी है। इधर चोरी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार पिकअप ने 2 को रौंदा, 3 घायल

**जयपुर।** जयपुर के मुरलीपुरा इलाके में शुक्रवार सुबह ओवर स्पीड का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार पिकअप ने रोड किनारे खड़े पांच लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। घायल पिता-बेटे और एक युवक को हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर दोनों शवों को परिजनों को सौंप दिया। एक्सीडेंट (वेस्ट) थाने के एसआई दुर्गा प्रसाद ने बताया कि हादसे में गणेश नगर हरमाड़ा निवासी कौशल्या देवी (32) पत्नी महेश और शीला देवी (55) पुत्र चुन्नी लाल की मौत हो गई। घायल कौशल्या के पति महेश (40), बेटे रिषभ (14) और सवाई माधोपुर निवासी अजय बैरवा (26) को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## जोधपुरवासियों ने दिल खोल कर किया मुख्यमंत्री का स्वागत

## पुरानी पेंशन बहाल करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के शुक्रवार को जोधपुर पहुंचने पर उनके स्वागत में जनसमुदाय उमड़ पड़ा। मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में आम जन की समस्याओं को सुना तथा ज्ञापन लिए। इस दौरान बड़ी संख्या में शहरवासियों ने पुरानी पेंशन स्कीम शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए उनके निर्णय को ऐतिहासिक बताया।

सर्किट हाउस में शुक्रवार रात जनसुनवाई के दौरान ऊर्जा राज्यमंत्री भंवरसिंह भाटी, राज्य पशु संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह सोलंकी, राजस्थान बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष संगीता बेनीवाल, जोधपुर शहर विधायक मनीषा पवार, लोहावट विधायक किशनाराम विश्नोई, महापौर कुंती परिहार देवड़ा, रीको निदेशक सुनील परिहार, राज्य मेला प्राधिकरण अध्यक्ष रमेश बोराणा, समाजसेवी जसवन्त सिंह कछवाहा, पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, पूर्व महापौर रामेश्वर दाधीच, अधिकारियों में जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता, डिस्काम एमडी प्रमोद टाक सहित प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जयपुर कत्लखाने जा रही 33 भैसो को करवाया मुक्त

### ट्रक में 2 पार्टेशन कर ठूंस - ठूंस कर भरी थी, भैसे, चालक व खलासी गिरफ्तार

**डूंगरपुर।** जिले की पुलिस की स्पेशल टीम ने जयपुर कत्लखाने में जा रही 33 भैसों को शहर के सिंटेक्स चौराहे पर एक ट्रक से मुक्त करवाया है। भैसों को ट्रक में डबल पार्टेशन कर ऊपर नीचे ठूंस ठूंस कर भरा हुआ था। पुलिस ने ट्रक के ड्राइवर और खलासी को गिरफ्तार कर लिया है।

डूंगरपुर जिले की पुलिस की स्पेशल टीम के प्रभारी व पुलिस निरीक्षक दिलीपदान चारण ने बताया की अलसुबह मुखबिर से सूचना मिली की एक ट्रक से मवेशियों की तस्करी की जा रही रही है। उन्होंने बताया की मुखबिर के जरिये मिली सुचना पर पुलिस की स्पेशल टीम के हेड कांस्टेबल नवीन कुमार, कांस्टेबल महावीर, मुकेश, राजगोपाल, यशपाल सिंह व पंकज की टीम कोतवाली थाना क्षेत्र में सिंटेक्स चौराहे के पास पहुंची। जहा पर टीम ने नाकेबंदी शुरू की। नाकेबंदी के दौरान मुखबिर के बताए अनुसार आ रहे ट्रक को रुकवाया। वही जब टीम ने चालक से पूछताछ की तो ट्रक चालक घबरा गया। जिस पर पुलिस की स्पेशल टीम ने तिरपाल और लकड़ी के पटिए हटाकर देखा तो ट्रक में ऊपर नीचे 2 पार्टिशन बनाकर ठूंस ठूंस कर भैसे भरी हुई थी। जिस पर पुलिस ने चालक देवीलाल पुत्र विजयराम बंजारा निवासी हिरण मगरी उदयपुर से मवेशियो को ले जाने के कागज मांगे तो ट्रक चालक मवेशियों को ले जाने के कोई कागज नहीं दिखा पाया । जिस पर पुलिस की स्पेशल टीम ने ट्रक को जब्त कर कोतवाली थाने ले गए, जहा भैसों को उतारकर गिनती की गई तो 33 भैसे उतारी। इन भैसों के लिए पुलिस ने चारे पानी का इंतजाम किया। इधर कोतवाली थाना पुलिस ने पशुक्रुरता अधिनियम में मामला दर्ज करते हुए चालक व खलासी को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने भैसों को बिछीवाडा से भरकर जयपुर क़त्लखाने में ले जाना बताया है।

## राजस्थान में 28 मार्च से फिर चलेगी लू

**जयपुर।** राजस्थान में 28 मार्च से लू चलने और भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी राजस्थान के जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर जाने के साथ ही लू के थपेड़े झेलने पड़ सकते हैं। मौसम विभाग ने पश्चिमी राजस्थान के जिलों को लेकर चेतावनी जारी की है। जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी 2 दिन में प्रदेश के तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस तक का इजाफा होगा। इससे गर्मी बढ़ेगी।

28 मार्च से पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर, बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर जिलों में लू भी चलने लगेगी। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों जो लोकल साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम बना था। उसका असर अब धीरे-धीरे कम होने लगेगा। इससे एक बार फिर पश्चिमी एरिया पाकिस्तान से गर्म हवाएं राज्य में चलने लगेगी। राजस्थान में आज मौसम की स्थिति देखें तो पिछले 2-3 दिन से तापमान में हो रही गिरावट आज भी बरकरार रही। बीती रात 1 शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। सबसे कम तापमान बारां जिले में 14.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। इसके अलावा अलवर, पिलानी, सीकर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, चूरू, नागौर, हनुमानगढ़ और करौली में भी रात का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा।

### मुख्यमंत्री की छत्तीसगढ़ के सीएम से चर्चा

## राजस्थान को कोयला आपूर्ति के लिए माइनिंग की स्वीकृति शीघ्र जारी हो



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से राजस्थान को कोयले की सुचारू आपूर्ति के लिए राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम को आवंटित कोल ब्लॉक में माइनिंग करने की स्वीकृति शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया है। गहलोत शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचे और इस विषय पर बघेल से मुलाकात की। उन्होंने बघेल को कोयले की कमी से राजस्थान में संभावित ऊर्जा संकट की स्थिति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण विषय पर छत्तीसगढ़ सरकार के साथ आयोजित बैठक में कहा कि राजस्थान देश के पश्चिमी भाग में अंतिम छोर पर स्थित है। यहां का अधिकांश भू-भाग रेगिस्तानी है। जहां बिजली के लिए न तो हाइड्रो पावर की उपलब्धता है और न ही कोयले की उपलब्धता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की करीब 4340 मेगावाट क्षमता की थर्मल इकाइयां कोयला आपूर्ति के लिए मुख्यतया छत्तीसगढ़ पर निर्भर है।

गहलोत ने कहा कि भारत सरकार ने राजस्थान को वर्ष 2015 में इन इकाइयों के लिए छत्तीसगढ़ के पारसा ईस्ट-कांटा बासन (पीईकेबी) में 15 एमटीपीए तथा पारसा में 5 एमटीपीए क्षमता के कोल ब्लॉक आवंटित किए थे। उन्होंने बताया कि पारसा ईस्ट-कांटा बासन कोल ब्लॉक के प्रथम चरण में खनन इस माह में पूरा हो चुका है। इस माह के बाद राजस्थान की विद्युत उत्पादन इकाइयों के लिए यहां से कोयले की आपूर्ति नहीं हो सकेगी। जिससे राज्य में विद्युत संकट उत्पन्न हो सकता है।

उन्होंने कहा कि वे राजस्थान के लोगों की तरफ से बड़ी उम्मीद के साथ छत्तीसगढ़ आए हैं और छत्तीसगढ़ से समय पर मदद मिलना आवश्यक है।

मुझे पूरी उम्मीद है कि प्रदेश को ऊर्जा संकट से बचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार जल्द फैसला लेगी।

### राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ ने संसदीय परंपराओं को समझने की बनाई एक श्रृंखलाः डॉ. जोशी

## राज्यपाल पर संविधान की मर्यादा को बचाये रखने की भी जिम्मेदारी : राज्यपाल धनकड






**जयपुर।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनकड़ ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र के उन्नयन में राज्यपाल एवं विधायको की भूमिका विषय संविधान की मूल भावना को दर्शाता है। संविधान के अनुच्छेद 164 से स्पष्ट होता है कि राज्यपाल व विधायकों के क्लिष्ट कर्तव्य हैं। वर्तमान में राज्यपाल व विधायक बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहें हैं। धनकड़ विधान सभा में शुक्रवार को राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के तत्वावधान में आयोजित सेमिनार 'संसदीय लोकतंत्र के उन्नयन में राज्यपाल एवं विधायको की भूमिका' को संबोधित कर रहे थे। सेमिनार में मुख्य अतिथि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनकड़, राजस्थान विधान सभा और राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के अध्यक्ष डॉ. सी. पी. जोशी, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, संसदीय कार्य मंत्री शांती कुमार धारीवाल और नेता प्रतिपक्ष गुलाबचन्द कटारिया सहित विधायकगण, पूर्व विधायकगण और गणमान्य नागरिकगण ने शिरकत की। धनकड़ ने राज्यपाल व विधायकों के कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विधायक संविधान के दायरे में कार्य करने की शपथ लेते हैं और राज्यपाल संविधान के संरक्षण की शपथ लेते हैं। राज्यपाल पर संविधान की मर्यादा को बचाये रखने की भी जिम्मेदारी होती है। भारतीय राजनीति में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सर्वोपरि होते हैं। उन्होंने कहा कि जो संसदीय परम्पराओं के सर्वश्रेष्ठ मापदंड हो सकते है वे राजस्थान विधान सभा में है। उन्होंने इसे कई दशकों से यहां विधान सभा में देखा भी है।

डॉ. जोशी ने कहा कि राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ ने संसदीय परंपराओं को समझाने की एक श्रृंखला बनाई है। इस क्रम में संघ ने गणमान्यजन को आंमत्रित कर कई सेमिनारों का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. बी. आर अंबेडकर ने कहा था कि कानून कुछ भी बना लो, व्यक्ति जो उस जगह पर बैठा, उसकी भूमिका भी होती है। राज्यपाल की दो तरह की भूमिका होती है- एक्टिव और पेसिव। उन्होंने कहा कि धनकड़ एक्टिव भूमिका को इस संसदीय लोकतंत्र के सामने रख रहे हैं। संविधान में राज्यपाल की भूमिका को लोकतंत्र के समक्ष समझाना है कि राज्यपाल लोकतंत्र को किस प्रकार मजबूत कर सकता है। मुख्यमंत्री गहलोत ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में सांसद और विधायकों पर एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपने दायित्वों के निर्वहन के साथ ही विधि निर्माण की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। गहलोत ने कहा कि राजस्थान में पक्ष एवं प्रतिपक्ष के बीच सौहार्द्रपूर्ण संबंध रहे हैं। इससे विधानसभा में विधायी कार्यों के संपादन एवं जनहित से जुड़े विषयों पर निर्णय लेने में आसानी होती है।